दवा लेकर जा रहे ट्रक में पकड़ी अंग्रेजी शराब

बिहार के मुजफ्फरपुर में शराब व गुवाहाटी में पहुंचानी थी दवाएं, चालक पंजाब के पठानकोट का निवासी

जास, शाहजहांपुर : पंजाब से गुवाहाटी दवा लेकर जा रहे ट्रक (डीसीएम) को मंगलवार सुबह पुलिस ने पकड़ लिया। जिसमें अंग्रेजी शराब की 369 पेटी बरामद हुई। वहीं, एक हजार से अधिक पेटी दवाओं की बरामद हुई। पकड़ा गया चालक पंजाब के पठानकोट जिले का रहने वाला है।

कलान पुलिस को सूचना मिली कि बदायूं की ओर से एक ट्रक आ रहा है। जिसमें शराब व दवाएं भरी हुई हैं। पुलिस ने बारकला गांव के पास बैरियर लगाकर ट्रक को रोक लिया। चालक ने ट्रक में दवा होने के पर्चे दिखाए, लेकिन जब दवा की पेटी बाहर निकलवाई तो उसके बीच में शराब की पेटियां रखी थीं। थाने लाकर चालक से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम भूपेंद्र सिंह और पंजाब के पठानकोट जिले के नागलपुर थाना क्षेत्र के मिरथला गांव निवासी बताया। बताया कि पंजाब से बिहार के मुजफ्फरपुर में शराब पहुंचानी थी। वहां किसे और कहां पहुंचानी है इसके बारे में वहां पहुंचने पर ही फोन पर जानकारी मिलती। बताया कि दवा गुवाहाटी में एक कंपनी में पहुंचानी है। इसके बाद पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर को थाने बुलाकर दवा की जांच कराई तो वह सही पायी गई।

कलान पुलिस ने डीसीएम में पकड़ी अवैध तरीके से ले जाई जा रही शराब ● जागरण

कलान पुलिस की गिरफ्त में डीसीएम चालक भूपेंद्र सिंह ● जागरण

यह हुई बरामदगी

- 178 पेटी में 8544 पौव्वा
- 66 पेटी में 792 बोतल
- 125 पेटी में 300 हॉफ

अवैध शराब को लेकर लगातार अभियान चल रहा है। कलान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इसके लिए टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। **-एस आनंद**, एसपी